भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3907

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 24 मार्च, 2017/3 चैत्र, 1939 (शक) को दिया गया)

कारपोरेट धोखाधड़ी

3907. श्री निशिकान्त दुबेः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्री जी.एम. सिद्देश्वराः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में एक निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके उद्देश्य और प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;
(ग) क्या सरकार ने विगत दो वर्षों में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का चयन करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं; और
(ङ) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजन हेतु आवंटित की गई और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख): कारपोरेट कार्य मंत्रालय तीन व्यावसायिक संस्थानों, अर्थात् - चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), और भारतीय लागत

लेखाकार संस्थान (आईसीओएआई) के सहयोग से तथा निवेशकों में कपटपूर्ण योजनाओं के बारे में जागरूकता लाने और विवेकपूर्ण निवेश निर्णयों में मदद करने हेतु निवेशक जागरूकता

..2/-

कार्यक्रमों (आईपी) का आयोजन करता है। ये कार्यक्रम हिंदी, अंग्रेजी और लक्षित श्रोताओं के आधार पर अन्य स्थानीय भाषाओं में आयोजित किए जाते हैं। व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

संस्थान का नाम	2014-15	2015-16	2016-17 से 28.02.2017 तक
आईसीएआई	805	1620	878
आईसीएसआई	570	332	102
आईसीओएआई	193	75	54
कुल	1568	2027	1034

(ग) और (घ): कारपोरेट कार्य मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निवेशक जागरूकता कार्यक्रमों (आईएपी) का आयोजन करता है। पिछले दो वर्षों अर्थात् 2014-2015 एवं 2015-2016 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 572 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

(ङ): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष में विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) के तहत आबंटित एवं उपयोग की गई राशि निम्नानुसार है :-

वर्ष	आबंटित राशि (रुपए में)	उपयोग की गई राशि (रुपए में)
2013-14	4,50,00,000	4,38,10,000
2014-15	3,00,00,000	2,84,24,000
2015-16	4,50,00,000	4,40,00,000
2016-17	1,50,00,000	1,05,47,480

*****